## अध्यक्ष सहित तत्कालीन सीएमओ को जारी किया गया नोटिस

**नवभारत न्यूज**

**गुढ़, 26 नवम्बर, नगर परिषद गोविंदगढ़ में लंबे समय से चले आ रहे भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप आखिरकार प्रशासनिक कार्रवाई में बदल गए हैं.**

आयुक्त, नगरीय प्रशासन एवं विकास भोपाल ने नगर परिषद अध्यक्ष अभिषेक सिंह समेत प्रभारी सीएमओ हेमंत त्रिपाठी, ज्ञानेंद्र श्रीवास्तव, प्रफुल्ल गुप्ता, पवन सिंह और विकास पाटनकर को नोटिस जारी कर सात दिवस में जवाब तलब किया है. इस कार्रवाई के बाद पूरे परिषद तंत्र में हलचल मची है.वार्ड क्रमांक 4 के पार्षद ज्ञानेंद्र सिंह की शिकायत पर गठित जांच समिति ने शासन राशि के दुरुपयोग, फर्जी भुगतान, अनियमित व्यय और भ्रष्टाचार के आरोपों को प्रमाणित पाया. जांच प्रतिवेदन कलेक्टर द्वारा 10 मार्च 2025 को अभिमत सहित भोपाल भेजा गया था, जिसके आधार पर आयुक्त कार्यालय ने सभी छह जिम्मेदारों के खिलाफ आरोप पत्र जारी किए हैं. शिकायत में आरोप था कि प्रभारी सी एम ओ हेमंत त्रिपाठी ने गैर-फीडर कर्मचारी होते हुए मनगवां, नईगढ़ी और गोविंदगढ़ में नियम विरुद्ध पदस्थापना पाकर मनमाने भुगतान किए. विधायक नरेंद्र प्रजापति ने भी इस मुद्दे को गंभीरता से उठाते हुए गैर-फीडर कर्मचारियों को हटाने की मांग की थी, जिसके बाद 17 नवंबर 2025 को त्रिपाठी को नगर निगम रीवा वापस भेजा गया. इधर परिषद के वर्तमान कार्यकाल के प्रारंभ से ही भ्रष्टाचार और गलत भुगतान के मामलों में नगर परिषद अध्यक्ष अभिषेक सिंह की भूमिका सबसे अधिक विवादों में है. शिकायतकर्ता ने मनगवां और नईगढ़ी कार्यकाल की भी स्वतंत्र जांच की मांग की है ताकि संपूर्ण भ्रष्टाचार उजागर हो सके. आयुक्त कार्यालय ने स्पष्ट किया है कि यदि सात दिवस में संतोषजनक जवाब नहीं मिला तो आगे की कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी. परिषद में फैली अनियमितताओं और लगातार उजागर होते भ्रष्टाचार को लेकर लोगो में आक्रोश है.

## सरदार पटेल राष्ट्रीय एकता, दृढ़ संकल्प और राष्ट्र निर्माण के प्रतीक : जनार्दन

### निकाली गई पदयात्रा, जगह-जगह सामाजिक संगठनों ने किया स्वागत

**नवभारत न्यूज**

**मऊगंज, 26 नवम्बर, मऊगंज में रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा द्वारा लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती वर्ष पर मऊगंज के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल दुवगवा कुर्मियान से पीएम श्री महाविद्यालय मऊगंज ( शहीद केदार नाथ महाविद्यालय ) तक 'यूनिटी मार्च' पद यात्रा निकल गई.**

जिसका जगह-जगह आम जनों स्थानीय व्यापारियों सामाजिक संगठनों ने पुष्प पर वर्षा कर स्वागत किया गया. समापन अवसर पर रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा ने संबोधित करते हुए कहा कि यह यात्रा केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह राष्ट्रीय संकल्प का प्रतीक है. समाज के सभी वर्गों तक इस भावना को पहुंचाएं और राष्ट्रीय एकता को मजबूती देने में सक्रिय योगदान दें. सरदार पटेल केवल भारत के लौह पुरुष ही नहीं, बल्कि वे राष्ट्रीय एकता, सौहार्द और दृढ़संकल्प के जीवंत प्रतीक भी थे, जिन्होंने 562 रियासतों को एकसूत्र में पिरोकर अखण्ड भारत का निर्माण किया. यह एकता यात्रा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 'विकसित भारत' संकल्प का विस्तार है. उन्होंने युवाओं से आह्वान करते हुए कहा कि सरदार पटेल जी के संबंध में और अधिक पढ़ें एवं उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए संकल्पित हों. भाजपा मऊगंज जिला अध्यक्ष डॉ.राजेंद्र मिश्रा ने कहा कि 'एक भारत, आत्मनिर्भर भारत' के लक्ष्य को साकार करने के लिए युवा पीढ़ी का जागरूक और सक्रिय होना अत्यंत आवश्यक है. यूनिटी मार्च राष्ट्र को जोड़ने वाला सामाजिक अभियान है. सरदार पटेल के जीवन, उनके संघर्ष, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण को पढ़ना और समझना आज के युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत है.स्थानीय विधायक प्रदीप पटेल ने कहा कि यह यात्रा जन-जन में उमंग उत्साह का संचार करने के लिए आयोजित की जा रही है. इस यात्रा के माध्यम से जहां सरदार पटेल के कृतित्व व्यक्तित्व को आम जनों के बीच पहुंचाने का काम हो रहा है. यात्रा में भाजपा जिला उपाध्यक्ष जयप्रकाश मिश्रा विपिन मिश्रा, प्रकाश चौरसिया, भाजपा जिला महामंत्री महेंद्र सिंह अतरैला प्रमोद यादव भाजपा नेत्री संतोष सिंह सिसोदिया, मंडल अध्यक्ष अमित सिंह चौहान, मुरलीधर द्विवेदी, मीडिया प्रभारी अजय मिश्रा मौजूद रहे.



## कृषि महाविद्यालय में संविधान दिवस मनाया गया

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 26 नवम्बर, भारत के संविधान को अपनाने के उपलक्ष्य में संविधान दिवस मनाया गया. डीन डॉ. एसएम कुरवंशी ने बताया कि इस दिवस को मनाने का उद्देश्य छात्रों में संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूकता फैलाना है.**

एनएसएस प्रभारी डॉ. मनीषा द्विवेदी ने संवैधानिक मूल्यों पर पीपीटी प्रस्तुति दी और छात्रों को न्याय, समानता और स्वतंत्रता के सिद्धांतों को बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया. डॉ. वी.के. सिंह ने भारतीय लोकतांत्रिक ढांचे में संविधान के महत्व पर प्रकाश डाला. डॉ. आरपी जोशी, डॉ. राधा सिंह, डॉ. प्रदीप मिश्रा, हरीश द्विवेदी और छात्र कार्यक्रम में उपस्थित रहे.

## खजुहा कला पंचायत में हुए भ्रष्टाचार की ईओडब्ल्यू ने शुरू की जांच

**नवभारत न्यूज**

**गुढ़, 26 नवम्बर, खजुहा कला पंचायत में हुए करोड़ो के भ्रष्टाचार की ईओडब्ल्यू ने जांच शुरू कर दी है. नोटिस जारी कर दस्तावेज तलब किये गये है.**

सरकारी धन के गबन मामले में बुरे फंसे खजुहा कला के तत्कालीन सरपंच संतोष बंसल और सचिव शिव प्रताप सिंह, ईओडब्ल्यू ने जांच शुरू की है. हम आपको बता दें कि जनपद पंचायत रीवा अंतर्गत खजुहा कला पंचायत में करोड़ों की भ्रष्टाचार की शिकायत आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ इकाई रीवा में की गई थी जिसकी जांच के लिए शिकायतकर्ता को 4 दिसंबर को समस्त दस्तावेजों के साथ आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ इकाई कार्यालय रीवा में तलब किया गया है इसके बाद टीम गठित करके दिए गए बिंदुओं की स्थल पहुंच कर जांच की जाएगी और दोषी पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी. हम आपको बता दे की आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ इकाई रीवा से पत्र जारी होने के बाद भ्रष्टाचारियों के कान खड़े हो गए हैं और अपने बचाव के लिए माननीयों के चौखट पर चक्कर लगाना शुरू कर दिए.



विजयी प्रतिभागी मेडल प्राप्त करने के बाद समूह में बैठे हुए

## जनसुनवाई में 15 आवेदकों की सुनीं गईं समस्याएं

**नवभारत न्यूज**

**मऊगंज, 26 नवम्बर, मंगलवार को जनसुनवाई में जिले भर से शिकायतकर्ता अपनी शिकायत लेकर पहुंचे. जहा कलेक्टर ने सुनवाई करते हुए निराकरण के निर्देश दिये. इस बार केवल 15 शिकायत ही पहुंची.**

कलेक्टर कार्यालय मऊगंज में आयोजित जनसुनवाई में 15 आवेदकों ने आपने आवेदन प्रस्तुत किये. कलेक्टर संजय कुमार जैन ने प्राप्त आवेदनों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रेषित कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये. अपर कलेक्टर पीके पाण्डेय ने भी जनसुनवाई में आवेदकों की समस्यायें सुनी. नौढ़िया निवासी शिवरतन प्रजापति ने कब्जा वापस दिलाने, अध्यक्ष जय स्वसहायता समूह पैपखार द्वारा गौशाला संचालन की राशि दिलाने, रामाधार वर्मा निवासी रामपुर के स्थल जांच के संबंध में कार्यवाही करने तथा नईगढ़ी निवासी जीतेन्द्र बहादुर श्रीवास्तव द्वारा खसरे में अन्य लोगों के नाम दर्ज किये जाने पर समुचित कार्यवाही के आवेदनों पर संबंधित अधिकारियों को कार्यवाही हेतु कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया. इसी प्रकार प्राचार्य शा. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मझिगवां की बाउंड्रीबाल को पूरा कराने तथा सेवानिवृत्त शिक्षक तारकेश्वर प्रसाद शुक्ला द्वारा वेतन भुगतान कराने के आवेदनों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया. जनसुनवाई में ग्राम सूजी में अनुसूचित जनजाति के हितग्राहियों के भूमि के सीमांकन के आवेदन पर तहसीलदार मऊगंज को कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया.



रीवा रेंज के आईजी गौरव राजपूत प्रमाण पत्र देते हुए

## खेल महोत्सव में छात्रों ने किया शानदार प्रदर्शन

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 26 नवम्बर, वनस्थली स्कूल रीवा में 26 नवंबर 2025 को वार्षिक खेल महोत्सव बड़े उत्साह और गरिमा के साथ आयोजित किया गया.**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वनस्थली ग्रुप के चेयरमैन डॉ. एस. एस. तिवारी, डायरेक्टर मनोज तिवारी एवं प्रिंसिपल श्रीमती दीप्ति अग्रवाल रहीं. वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में जे.एन.सी.टी कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. मिहिर पांडेय, आशीष मिश्रा एवं अनुभव पांडेय की गरिमामयी उपस्थिति रही. कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के स्वागत एवं विद्यालय विद्यालय खेल ध्वजारोहण के साथ हुई. विद्यालय के व्यायाम शिक्षक ओ. पी. द्विवेदी, सौरव सिंह एवं अनामिका शुक्ला ने प्रतियोगिताओं की रूप रेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि किंडरगार्टन, प्राइमरी और जूनियर वर्ग के छात्रों के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं. इनमें म्यूजिकल चेयर, हूला हॉप्स, लेमन स्पून रेस, कोन बैलेंसिंग रेस, कैरम, चेस, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, बॉलीबॉल, कराते, योग तथा रोड साइक्लिंग प्रमुख आकर्षण रहे. विद्यालय के चार सदनों अर्जवाम सदन, आनंदमय सदन, सुखोद्यम सदन एवं रत्नालय सदन के बीच रोमांचक खो-खो फाइनल मुकाबले का आयोजन किया गया. बालक वर्ग प्रथम अर्जवाम सदन, द्वितीय आनंदमय सदन, तृतीय रत्नालय सदन रहा. बालिका वर्ग प्रथम सुखोद्यम सदन, द्वितीय रत्नालय सदन, तृतीय अर्जवाम सदन रहा. प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को चेयरमैन डॉ. एस. एस. तिवारी ने मेडल पहनाकर एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया.

अपने संबोधन में उन्होंने विद्यार्थियों को खेलों के माध्यम से अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना के विकास के लिए प्रेरित किया एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं.

## आईजी ने किया निरीक्षण, दो कार्यालयों को मिला आईएसओ प्रमाण पत्र

**नवभारत न्यूज**

**मऊगंज, 26 नवम्बर, पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन गौरव राजपूत ने 24 एवं 25 नवंबर को जिले का दो दिवसीय वार्षिक निरीक्षण किया.**

निरीक्षण के पहले दिन उन्होंने जिला मऊगंज की वार्षिक परेड, बलवा ड्रिल, सैनिक सम्मेलन सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय का सूक्ष्म निरीक्षण किया. इसके बाद दूसरे दिन उन्होंने पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी की उपस्थिति में अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) कार्यालय मऊगंज, थाना मऊगंज एवं थाना नईगढ़ी का वार्षिक निरीक्षण सम्पन्न किया. आईजी द्वारा सभी संबंधित कार्यालयों एवं थानों के रिकॉर्ड संधारण, साफ-सफाई, आगंतुकों से व्यवहार, सामुदायिक पुलिसिंग, आवश्यक दस्तावेज, कर्मचारियों के टर्न आउट सहित विभिन्न बिंदुओं का गहराई से परीक्षण किया गया. थाना प्रभारी एवं प्रधान आरक्षक (लेखक) को कार्यप्रणाली और अनुशासन को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए गए. निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) कार्यालय मऊगंज एवं थाना मऊगंज में रिकॉर्ड संधारण आईएसओ मानकों के अनुरूप है.

इसी आधार पर दोनों कार्यालयों को शिवांशु तिवारी (आईएसओ प्रतिनिधि) की उपस्थिति में आईएसओ प्रमाणपत्र प्रदान किया गया. आईजी ने पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी एवं उनकी टीम की सराहना करते हुए कहा कि सीमित संसाधनों में नवगठित जिला मऊगंज को आईएसओ प्रमाणित करना प्रशंसनीय उपलब्धि है. साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि जिले के अन्य सभी थानों को भी दिसंबर माह तक आईएसओ प्रमाणित कराया जाए.

## गुढ़ महाविद्यालय में मनाया गया संविधान दिवस

**नवभारत न्यूज**

**गुढ़, 26 नवम्बर, भारतीय संविधान दिवस का कार्यक्रम महाविद्यालय में गरिमा एवं हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापक श्रीमती रेखा मिश्रा एवं प्रभारी प्राचार्य डॉ. संदीप कपूर द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ माँ सरस्वती एवं भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया.**



अंकिता पटेल द्वारा भजन प्रस्तुत किया गया, जिसने कार्यक्रम को धार्मिक एवं सांस्कृतिक गरिमा प्रदान की. प्राचार्य डॉ. संदीप कपूर ने संविधान दिवस के महत्व पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डालते हुए बताया कि भारतीय संविधान केवल शासन का दस्तावेज़ नहीं है, बल्कि यह भारत की लोकतांत्रिक आत्मा का प्रतीक है. उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि संविधान हमें न केवल अधिकार प्रदान करता है, बल्कि कर्तव्यों का बोध भी कराता है. प्राचार्य ने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे संविधान की मूल भावना को समझें और उसके आदर्शों को व्यवहार में लाएँ. कार्यक्रम का संचालन डॉ. श्रीराम द्विवेदी द्वारा किया गय. उन्होंने संचालन के माध्यम से संविधान से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण प्रसंगों का उल्लेख किया.डॉ. द्विवेदी ने मौलिक कर्तव्यों का विशेष उल्लेख किया और कहा कि एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में हमें नैतिकता, सामाजिक सद्भाव एवं राष्ट्रहित को सदैव प्राथमिकता देनी चाहिए. अपने प्रेरक उदाहरणों से उन्होंने विद्यार्थियों में संविधान के प्रति सम्मान, उत्तरदायित्व और जागरूकता की भावना विकसित की. इसके उपरांत डॉ. अमित मिश्रा एवं डॉ. भारत भूषण ने अपने विचार रखते हुए विद्यार्थियों को संविधान के ऐतिहासिक महत्व, संरचना और उसके आधुनिक परिप्रेक्ष्य की विस्तृत जानकारी दी.

कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र सूरज गुप्ता ने डॉ. भीमराव अंबेडकर पर अपना सारगर्भित भाषण प्रस्तुत किया. कार्यक्रम में प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण एवं विद्यार्थी मौजूद रहे.

## मऊगंज में मिलावटी खाद्य पदार्थ परोसा जा रहा

**नवभारत न्यूज**

**मऊगंज, 26 नवम्बर, मऊगंज जिले में खाद्य सुरक्षा को लेकर बड़ी लापरवाही सामने आई है. क्षेत्र के कई डेयरी संचालकों द्वारा खुलेआम नकली खोवा और मिलावटी दूध की बिक्री किए जाने की शिकायतें लगातार बढ़ रही हैं.**

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस अवैध कारोबार में खाद्य विभाग के कुछ कर्मचारियों की मिली भगत होने की आशंका है, जिसके कारण यह धंधा बिना किसी रोक-टोक के फल-फूल रहा है. जानकारी के अनुसार, त्योहारी सीजन के बाद भी नकली खोवे और मिलावटी दूध का कारोबार लगातार जारी है. इनसे तैयार होने वाली मिठाइयाँ सीधे तौर पर लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रही हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं कर पाए हैं. नागरिकों का आरोप है कि शिकायत करने के बावजूद खाद्य विभाग ने न तो जांच तेज की और न ही सैंपलिंग की प्रक्रिया प्रभावी ढंग से की. जिसके चलते मिलावटखोरों के हौसले बुलंद हैं और आम जनता मजबूरी में मिलावटी उत्पादों का सेवन करने को विवश है।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि मिलावटखोरी पर शीघ्र सख्ती बरती जाए, डेयरियों और मिठाई दुकानों की नियमित जांच हो तथा दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए. अब देखना यह होगा कि संबंधित अधिकारी कब जागते हैं और जनता को इस गंभीर समस्या से राहत दिलाते हैं. मिलावट के खिलाफ कार्यवाही किया जाना जरूरी है.

## प्रशिक्षु नवआरक्षकों ने ली संविधान दिवस पर शपथ



**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 26 नवम्बर, संविधान दिवस पर पर पुलिस प्रशिक्षण शाला रीवा में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया. जिसमें उप पुलिस अधीक्षक सत्य प्रकाश मिश्रा के नेतृत्व में संस्थान के समस्त अधिकारीगण, स्टाफ सदस्य एवं प्रशिक्षणार्थियों ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना की शपथ ली.**

इस अवसर पर श्री मिश्रा ने संविधान की प्रस्तावना का महत्व और नागरिकों के मौलिक अधिकारों, मानवाधिकारों तथा कर्तव्यों की आवश्यकता पर प्रकाश डाला. उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को कानून के प्रति निष्ठावान रहकर जनसेवा के आदर्श सिद्धांतों पर कार्य करने की प्रेरणा दी. गौरतलब है कि ,एडीजी (प्रशिक्षण) राजा बाबू सिंह के निर्देशन तथा पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र कुमार जैन के नेतृत्व में पुलिस प्रशिक्षण शाला रीवा में 93 वें नवआरक्षक बुनियादी प्रशिक्षण सत्र 2025-26 के प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएँ 24 नवंबर से सुचारू रूप से संपन्न हो रही हैं. 26 नवंबर 2025 को प्रात: 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक पेपर क्रमांक तृतीय भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम विषय की परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें कुल 457 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया.

## शोभायात्रा निकाल कर शुरू की गई श्रीमद् भागवत कथा

**नवभारतन्यूज**

**हनुमना, 26 नवम्बर, सनातन धर्म संघ द्वारा गीता जयंती के उपलक्ष में प्रत्येक वर्ष आयोजित की जाने वाली श्रीमद् भागवत कथा इस वर्ष भी सोमवार से श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ.**

कलश यात्रा भगवान लक्ष्मी नारायण मंदिर में भगवान का विधिवत विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद कलश यात्रा जगुरा स्वामी कौशलेंद्र प्रपन्नाचार्य कौशलजी महाराज की अगुवाई में प्रारंभ हुई. जिसमें कथा व्यास अमितेश प्रपन्नाचार्य भी साथ चल रहे थे तथा यजमान गंगा प्रसाद केसरवानी सपत्नीक भागवत जी को सर पर लेकर चल रहे थे. जगह-जगह भागवत जी इस अवसर पर जहां श्री रामानुज आयुर्वेदिक ओषालय परिवार की ओर से परम भागवत जनार्दन दास गुप्त ने भागवत जी की आरती उतार कर विधिवत पूजा अर्चना कर साष्टांग प्रणाम किया. वही जगह-जगह भागवत जी का स्वागत बंदन एवं आरती उतारी गई शोभायात्रा में माता है पीले वस्त्र में कलश लिए चल रही थी कलश यात्रा हनुमान जी महाराज मंदिर पहुंचकर हनुमान जी की विधिवत पूजा अर्चना के बाद कलश में हनुमान जी का आह्वान कर भागवत स्थल पर स्थापना की गई.



इस अवसर पर कथा व्यास अमितेश प्रपन्नाचार्य ने भागवत जी के प्रथम श्लोक 'सच्चिदानंद रूपाय विशवोत्पत्यादिहेतवे, तापत्रय विनाशाय श्रीकृष्णाय वयं नुम:! 'की व्याख्या करते हुए श्रीमन नारायण ही एकमात्र सृष्टि के कारण तत्व हैं. वही त्रिविध तापों से छुटकारा प्रदान कर मोक्ष प्रदान करने वाले हैं संपूर्ण भागवत का कर भी यही है इसीलिए श्री कृष्णाय वयं नुम: अर्थात् परमात्मा श्रीमन्नारायण या रामकृष्ण नरसिंह बाम की शरणागति ही इस संसार से मुक्ति दिला सकती है. कार्यक्रम का शुभारंभ भागवत जी की आरती के साथ सनातन धर्म संघ के वासुदेव गुप्ता शंकर लाल गुप्ता कैलाश प्रसाद तिवारी किशन दास गुप्ता पंडित रामाश्रय पांडे शास्त्री अंजनी लाल केशरवानी के अतिरिक्त स्वामी माधवाचार्य श्रीवैष्णव सेवा मंडल के प्रचार मंत्री तथा पत्रकार विकास परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता संपत्ति दास गुप्ता द्वारा कथा व्यास का माल्यार्पण के साथ हुआ.